सत्यमेव जयते

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड
Technology Development Board

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार
Department of Science and Technology
Government of India





वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2017-18

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार

22वीं वार्षिक रिपोर्ट 2017-18

विषय-वस्तु

- सचिव की डेस्क से 05
- टीडीबी के कार्य 06
- टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्र 06
- बोर्ड के सदस्य 07
- टीडीबी–वर्ष एक दृष्टि में 11
- पूर्वावलोकन 21
- समर्थित परियोजनाएं 35
- जारी किए उत्पाद/सम्पन्न परियोजनाएं 53
- प्रोत्साहन गतिविधियां 57
- अनुसंधान एवं विकास उपकर 71
- प्रशासन 75
- वर्ष 2017–18 का लेखा परीक्षित विवरण 79
- वर्ष 2017–18 के लिए अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट 107

सचिव की डेस्क से

मुझे वर्ष 2017–18 की टीडीबी की उपलब्धियों को सामने रखते हुए अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। 18 करारों पर हस्ताक्षर के साथ टीडीबी के लिए यह वर्ष विशेष रूप से फलदायक रहा है।

टीडीबी ने स्वदेशी नवाचारों (इनोवेशंस) को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही स्थापित कंपनियों के साथ–साथ नवसृजित (स्टार्ट–अप) कंपनियों के उत्पादों के उन्नयन एवं वाणिज्यीकरण में भी सहायता प्रदान की हैं। टीडीबी इस वर्ष राष्ट्रीय महत्व जैसे कि टीकों, बायो मेडिकल उपकरणों, हरित प्रौद्योगिकियों, कपड़ा उद्योग आदि क्षेत्रों के व्यापक परिदृश्य में, परियाजनाओं को सहायता प्रदान करके, अपने पोर्टफोलियों को अधिकतर स्तर तक ले जाने में सफल रहा है।

टीडीबी ने अभिनव स्वदेशी प्रौद्योगिकी या उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए विभिन्न औद्योगिक इकाईयों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। टीडीबी ने इस वर्ष से स्टार्ट–अप के लिए पुरस्कारों की एक नई श्रेणी की शुरूआत की। भारत के राष्ट्रपति महोदय ने ये पुरस्कार प्रदान किए।

वर्ष के दौरान, टीडीबी ने कुल 41 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त किए जिनमें से आगे की प्रक्रियाओं के लिए 36 प्रस्तावों का चयन किया गया। कुल 18 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। 941.92 करोड़ रु. की परियोजना लागत में से टीडीबी की प्रतिबद्धता 350.64 करोड़ रु. है। बोर्ड के सदस्यों ने अपनी अन्य प्रतिबद्धताओं के बावजूद, वर्ष के दौरान पांच बैठकें कीं, जिससे परियोजनाओं के संदर्भ में अधिकतम कार्य व्यवहार संभव हुआ। इससे आगे, तेजी से और प्रभावी निर्णय लेने में सहायता मिली। परियोजना प्रक्रियाओं को समय अनुकूलित किया गया है और टीडीबी अधिकारियों ने परियोजनाओं के प्रसंस्करण में आवेदकों को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन प्रदान किया। टीडीबी ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में परियोजनाएं शुरू करने के प्रयास किए और स्वास्थ्य सेवा, फार्मा और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की।

विधि प्रभाग के दृढ़ता और परिणाम उन्मुख दृष्टिकोण के कारण, टीडीबी कई विवादित मामलों को हल करने में सक्षम रहा है जिसके परिणामस्वरूप ऋण वसूली में वृद्धि हुई।

साल के दौरान, टीडीबी ने यूटीआई –एसेंट इंडिया फंड से रु. 0.18 करोड़, सिडबी वेंचर फंड से रु. 1.35 करोड़, आईवीकैप वेंचर फंड से रु. 1.88 करोड़ तथा जीवीएफएल से रु. 14.99 करोड़ प्रतिदिन यूनिट के तौर पर प्राप्त किये।

टीडीबी ने कई कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और आउटरीच कार्यशालाओं में भाग लिया, जिसने देश भर में प्रौद्योगिकी सुविधा प्रदाता के रूप में टीडीबी की भूमिका को बढ़ावा देने में सहायता की। टीडीबी ने टाईफैक और आईसीसीओ के साथ अभिनव प्रौद्योगिकियों के लिए स्काउट, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण और कंपनियों में निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इनवेंट, मिलेनियम एलायंस और जीआईटीए जैसे कार्यक्रमों ने भी अपनी नियत भूमिकाओं का निर्वाह में उल्लेखनीय योगदान दिया।

कुल मिलाकर, वर्ष 2017–18 तकनीकी, विधि, वित्त और प्रशासन जैसे सभी मोर्चों पर टीडीबी के लिए एक प्रभावी वर्ष रहा है। सरकार के एक अनूठे तकनीकी–वाणिज्यिक संस्थान होने के नाते, टीडीबी ने अगले चुनौतीपूर्ण वर्ष में प्रवेश करते हुए, नेटवर्किंग और सहयोगी भावना के साथ साइबर सुरक्षा, इलेक्ट्रिक गतिशीलता, रक्षा उत्पादों और हरित ऊर्जा के क्षेत्रों में कार्य की संभावनाएं तलाशना जारी रखा।

(डॉ नीरज शर्मा)

टीडीबी के कार्य

- उन औद्योगिक संगठनों और अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जो स्वदेशी प्रौद्योगिकी के व्यावसायिक अनुप्रयोग के प्रयास कर रही हैं या व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी को अपना रही हैं।
- ऐसे अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना जो स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास से जुड़े हों या ऐसे व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी को अपना रहे हों, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्रदान की जा सकती हो।
- केन्द्र सरकार द्वारा सौंपे गये ऐसे अन्य कार्यों का निष्पादन करना।

टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्र

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	दूरसंचार	इंजीनियरिंग
रसायन	सूचना प्रौद्योगिकी	रक्षा और नागरिक विमानन
सड़क परिवहन	ऊर्जा एवं अपशिष्ट उपयोग	इलेक्ट्रॉनिक्स
कृषि	टेक्सटाइल	अन्य

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन

(31 मार्च, 2018 को)

1	**प्रो. आशुतोष शर्मा** सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	पदेन अध्यक्ष
2	**डॉ. गिरीश साहनी** सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग	पदेन सदस्य
3	**डॉ. एस. क्रिस्टोफर** सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग	पदेन सदस्य
4	**श्री अजय नारायण झा** सचिव, व्यय विभाग	पदेन सदस्य
5	**श्री रमेश अभिषेक** सचिव, औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग	पदेन सदस्य
6	**श्री अमरजीत सिन्हा** सचिव, ग्रामीण विकास विभाग	पदेन सदस्य
7	**श्री एस. पी. शुक्ला** अध्यक्ष, महिन्द्रा एयरोस्पेस, मुम्बई	सदस्य
8	**डॉ. अजय रंका** प्रबंध निदेशक., जाईडेक्स इंडस्ट्रीज, वडोदरा	सदस्य
9	**श्री जी. श्रीरामाकृष्णा** भूतपूर्व–सीजीएम एसबीआई, सिकन्दराबाद	सदस्य
10	**श्री प्रदीप गोयल** अध्यक्ष, प्रदीप मेटल्स लिमिटेड, नवी मुम्बई	सदस्य
11	**डॉ. बिन्दु डे** सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड	पदेन सदस्य (सदस्य सचिव)

बोर्ड के सदस्य

(31 मार्च, 2018)

प्रो. आशुतोष शर्मा

डॉ. गिरीश साहनी

डॉ. एस. क्रिस्टोफर

श्री अजय नारायण झा

श्री रमेश अभिषेक

श्री अमरजीत सिन्हा

श्री एस. पी. शुक्ला

डॉ. अजय रंका

श्री जी. श्रीरामाकृष्णा

श्री प्रदीप गोयल

डॉ. बिन्दु डे

श्री अजय नारायण झा ने 1 नवम्बर, 2017 से सचिव, व्यय विभाग का कार्यभार श्री अशोक लवासा के स्थान पर संभाला।

टीडीबी–वर्ष
एक दृष्टि में

टीडीबी–वर्ष एक दृष्टि में

वर्ष 2017–18 प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के लिए बहुत उत्पादक रहा क्योंकि विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ वित्तीय सहायता के लिए 18 करारों का निष्पादन किया गया। इन करारों के माध्यम से टीडीबी ने 941.92 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत में से 350.64 करोड़ की प्रतिबद्धता की, जिसमें कृषि, रसायन, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा और टेक्सटाइल आदि विभिन्न क्षेत्रों को समादित किया गया।

वर्ष 2017–18 में प्राप्त आवेदन

वर्ष 2017–18 के दौरान टीडीबी ने विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से 1194.93 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत में से 561.80 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता के लिए कुल 41 आवेदन प्राप्त किये। इनमें से लगभग 36 प्रस्तावों को वित्तीय सहायता के लिए अग्रिम कार्रवाई हेतु उचित पाया गया। जहां, 5 प्रस्तावों पर करार हस्ताक्षर किए गए, वही अन्य प्रक्रियाओं के विभिन्न चरणो में हैं।

41 आवेदनों का राज्यवार वितरण निम्नलिखित है:



(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/संघ शासित प्रदेश	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	असम	1	23.63	11.05
2	दिल्ली	3	47.72	35.10
3	गुजरात	3	218.24	101.32
4	हरियाणा	2	209.82	95.00
5	कर्नाटक	8	141.31	58.71
6	मध्य प्रदेश	1	14.20	7.00
7	महाराष्ट्र	9	112.86	53.05
8	उड़ीसा	1	21.30	7.11
9	राजस्थान	1	8.42	5.57
10	तमिलनाडु	3	16.78	4.47
11	तेलंगाना	5	254.28	123.45
12	उत्तर प्रदेश	4	126.37	59.97
	कुल	**41**	**1194.93**	**561.80**

क्षेत्र–वार प्राप्त आवेदनों का वितरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	क्षेत्र	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	कृषि	4	20.51	9.66
2	रसायन	6	178.63	80.82
3	ऊर्जा एवं अपशिष्ट उपयोग	1	9.50	2.50
4	इंजीनियरिंग	7	265.01	134.33
5	स्वास्थ्य रक्षा एवं चिकित्सा	18	502.79	244.43
6	सूचना प्रौद्योगिकी	5	218.49	90.06
	कुल	**41**	**1194.93**	**561.80**

प्राइवेट लिमिटेड एवं पब्लिक लिमिटेड कंपनियों इत्यादि से प्राप्त आवेदनों का विवरण निम्नलिखित है:

(करोड़ रु. में)

श्रेणी	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियाँ	33	895.93	414.09
पब्लिक लिमिटेड कम्पनियाँ	7	282.84	139.71
अन्य	1	16.16	8.00
कुल	**41**	**1194.93**	**561.80**

वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान हस्ताक्षरित करार

वर्ष के दौरान, टीडीबी ने नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों विकास एवं व्यवसायीकरण हेतु निम्नलिखित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 18 नये करारों (16 ऋण और 2 अनुदान) पर हस्ताक्षर किए :

ऋण करार

i. मेसर्स मोबाइलक्सियन टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, त्रिवेंद्रम द्वारा यूबिमेडिक एक्यूट केयर सिस्टम (यूएमएसीएस) का विकास एवं वाणिज्यीकरण

ii. मेसर्स एस 3 वी वासक्यूलर टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर द्वारा परक्यूटनियस ट्रांसल्युमिनल कोरोनरी एंजियोप्लास्टी (पीटीसीए) बैलुन कैथेटर का समेकित विनिर्माण और यूएसएफडीए स्वीकृति

iii. मेसर्स अक्षय एग्रीबायोमेड प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा डेफिब्रीनेटेड शीप ब्लड

iv. मेसर्स पैनासिया बायोटेक प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा फेस I और II सहित क्षीणित एटेनुएटेट डेंगू टीके का विलंबित चरण विकास

v. मेसर्स इमको एलोएस प्राईवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा सिनटर्ड कार्बाइड मिश्र धातु प्रौद्योगिकी का विकास एवं वाणिज्यीकरण

vi. मेसर्स इनक्रेडिबल डिवाइस प्राईवेट लिमिटेड चंडीगढ़ द्वारा कैथेटर रीप्रोसेसिंग सिस्टम (सीआरएस)

vii. मेसर्स एमएसवी लेब्रोट्रीज प्राईवेट लिमिटेड मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल द्वारा वैकल्पिक सिंथेटिक एनपीकेः रेडियोन्यूक्लाइड ^{60}Co से उत्सर्जित विद्युत चुम्बकीय विकिरण के प्रयोग द्वारा स्ट्रेन डिलिवरी के माध्यम के रूप में गाय गोबर खाद का वाणिज्यीकरण

viii. मेसर्स पैनासिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा 6 एमवी मेडिकल लाइनैक के लिए आईएमआरटी/आईजीआरटी आधारित उपचार योजना प्रणाली (टीपीएस) का विकास एवं वाणिज्यीकरण

ix. मेसर्स वर्डेन केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा स्केलिंग प्रोपेरीटेरी रूम–तापमान लीड–एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकी एक पायलट–प्रूफ–ऑफ–कांसेप्ट से एक पायलट–वाणिज्यीकरण स्केल तक

x. मेसर्स ओमनीएक्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मुम्बई द्वारा ल्यूटिन और अन्य कैरोटेनोइडस का उत्पादन करने के लिए कॉगलिंग टेक्नोलॉजी के उपयोग द्वारा वाणिज्यिक सयंत्र की स्थापना

xi. मेसर्स बिटकैम एस्फाल्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, गुवाहाटी द्वारा सड़क निर्माण और रखरखाव में शीत मिक्स प्रौद्योगिकी

xii. मेसर्स श्री कोराटौमिक लिमिटेड, पिथमपुर (म0प्र0) द्वारा नैदानिक परीक्षणों के लिए डीईबीईएल, डीआरडीओ को आपूर्ति के लिए 50 आईआरएस इकाइयों (कोक्लेयर इम्प्लांट सिस्टम का महत्वपूर्ण घटक) का विनिर्माण

xiii. मेसर्स एबेलिटीज इंडिया पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा बीएस VI गुणवत्ता मानक पिस्टन का प्रौद्योगिकी अंगीकरण और विनिर्माण

xiv. मेसर्स सम्पूर्ण एग्री वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा केवल धान की भूसे का उपयोग करने वाले बायोगैस और जैव –समृद्ध कार्बनिक खपत संयंत्र का विकास एवं वाणिज्यीकरण

xv. मेसर्स कान बायोसिस प्राईवेट लिमिटेड, पुणे द्वारा इन–सीटू त्वरित और सतत चावल भूसी के अपघटन (एएसआरएसडी): भूसी उपयोग प्रौद्योगिकी का विकास एवं वाणिज्यीकरण

xvi. मेसर्स ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, नागदा म0प्र0 द्वारा बिड़ला एक्सेल सॉल्वेंट स्पून सेल्यूलोसिक फाइबर प्लांट

अनुदान करार

i. मेसर्स मोबाइलक्सियन टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, त्रिवेंद्रम द्वारा यूबिमेडिक एक्यूट केयर सिस्टम (यूएमएसीएस) का विकास एवं वाणिज्यीकरण

ii. मेसर्स वर्डेन मेडिकल्स प्राईवेट लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा स्केलिंग प्रोपेरीटेरी रूम–तापमान लीड–एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकी एक पायलट–प्रूफ–ऑफ–कांसेप्ट से एक पायलट–वाणिज्यीकरण स्केल तक

वितरण

वर्ष 2017–18 के दौरान, चालू एवं नई परियोजनाओं और योजनाओं के लिए 224.69 करोड़ रु. की राशि का वितरण किया गया। इस राशि में ऋण के रुप में 212.17 करोड़ रु., अनुदान के रूप में 6.69 करोड़ रु. और वीसीएफ में निवेश के लिए 5.83 करोड़ रु. शामिल हैं।

पूरी की गई परियोजनाएं

टीडीबी द्वारा सहायता प्राप्त निम्नलिखित 2 कम्पनियों ने वर्ष 2017–18 के दौरान अपनी परियोजनाओं को पूर्ण घोषित किया।

- मेसर्स एनरगोस टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, मुंबई
- मेसर्स रोबोनिक (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड, नवी मुंबई

ऋण शोधन का निपटान

इस वर्ष, टीडीबी से सहायता प्राप्त निम्नलिखित कम्पनियों ने अपनी ऋण राशि का भुगतान किया और करार के अनुसार अपनी ऋण लेखाओं का निपटान किया:

- मेसर्स टेक एन विजन वेंचर लिमिटेड, सिकंदराबाद
- मेसर्स श्योर वेव्स मिडिया टेक प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर
- मेसर्स पैनासिया बायोटेक लिमिटेड, पंजाब
- मेसर्स वैल्युपिच टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद
- मेसर्स स्पर्शा फार्मा इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद
- मेसर्स इंटेलिजोन एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रौद्योगिकी दिवस 2017 का आयोजन 11 मई, 2017 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ''समावेशी और सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकी'' की थीम के साथ किया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे और डॉ. हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने समारोह की अध्यक्षता की। श्री वाई. एस. चौधरी माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री विशिष्ट अतिथि थे।

इस अवसर पर, स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए निम्न को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया:

1. मेसर्स न्यूमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को जिसने सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, देहरादून और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से संयुक्त रूप से विकसित की गई वैक्स डी–ऑइलिंग प्रौद्योगिकी का स्वदेशी विकास और वाणिज्यीकरण के लिए

प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए निम्न को राष्ट्रीय पुरस्कार (एमएसएमई) भी प्रदान किया गया:

1. मेसर्स विकर्ष नैनोटेक्नोलॉजी एंड अलायस प्राईवेट लिमिटेड, पुणे को नैनो क्रिस्टलाइन और अमोर्फस रिबन के वाणिज्यीकरण के लिए।
2. मेसर्स प्लस एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज, गुरूग्राम को मिराक्रैडल™ के विकास और वाणिज्यीकरण के लिए।

इसके अलावा, प्रौद्योगिकी स्टार्ट–अप के लिए निम्न को राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया गयाः

1. मेसर्स बेलैट्रिक्स एयरोस्पेस प्राईवेट लिमिटेड, मैसूर को माइक्रोवेव इलेक्ट्रोथर्मल थ्रस्टर के विकासः उपग्रहों के लिए एक कुशल विद्युत प्रणोदन (प्रोपल्शन) प्रणाली के लिए।
2. मेसर्स पद्मासीता टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, चेन्नई को एमसीएपीडी डिवाइस के विकासः सीएपीडी डायलिसिस के लिए कभी भी/कहीं भी 'धारण करने योग्य वैकल्पिक किडनी' के लिए।
3. मेसर्स नैनोक्लीन ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड, गुरूग्राम को नैनो–श्वसन नैसल फिल्टर के विकास के लिए दिया गया था। हवा में मौजूद सूक्ष्मतम प्रदूषण कणो के खिलाफ सुरक्षा के लिए पहली बार प्रस्तुत नॉन–इंसर्टेड, हाइपो एलर्जिनिक और स्वतः चिपकने वाले नैनोफाइबर आधारित श्वसन डिस्पोजेबल नैसल फिल्टर, जिसमें श्वसन रोगों का खतरा कम हो जाता है।

उत्पाद लोकार्पणः श्री वाई.एस. चौधरी, माननीय राज्यमंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मेसर्स एम्पेयर व्हीकल प्राईवेट लिमिटेड, कोयंबटूर द्वारा ''इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर'' अभिनव उत्पाद का 11 मई, 2017 को प्रौद्योगिकी दिवस–2017 के दौरान विज्ञान भवन में वाणिज्यिक लोकार्पण किया।

टीडीबी से सहायता प्राप्त कम्पनियों ने एक प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन किया।

स्थापना दिवस

टीडीबी ने 1 सितम्बर, 2017 को अपना 21वां स्थापना दिवस प्रोफेसर आशुतोष शर्मा, अध्यक्ष टीडीबी और सचिव डीएसटी की उपस्थिति में अपने कार्यालय परिसर विंग–ए, भू–तल, विश्वकर्मा भवन, शहीद जीत सिंह मार्ग नई दिल्ली–110016 में मनाया ।

सक्रिय भूमिका

प्रस्तावों के लिए आमंत्रण जारी करना

वर्ष 2017–18 में बोर्ड ने मेक इन इंडिया में पहचाने गये विभिन्न रणनीतिक महत्ववाले क्षेत्रों में नवाचार संचालित प्रौद्योगिकी केंद्रित परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए, टीडीबी के इरादे की और स्थानीय उद्योग को संवेदनशील बनाने के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रस्ताव के लिए आमंत्रण जारी करके एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया।

1. **साइबर सुरक्षा**–टीडीबी ने अभिनव और किफायती साइबर सुरक्षा उत्पादों/समाधानों के लिए भारतीय उद्योगों से विकास और वाणिज्यीकरण प्रस्ताव आमंत्रित किए। इस पहल का उद्धेश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में परिभाषित समूह वास्तविक और/या आभासी के रूप में एक तकनीकी–वाणिज्यिक व्यवहार्य साइबर सुरक्षा पारिस्थितिक तंत्र के विकास को प्रोत्साहित करना था। समूह में पंजीकृत कंपनियों को विशेष रूप से आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।
2. **चिकित्सा उपकरण–चिकित्सा उपकरणों के पुर्जो**–टीडीबी ने जैव चिकित्सा उपकरणों और उपकरणों के स्वदेशी डिजायन और निर्माण के लिए औद्योगिक ईकाइयों से प्रस्ताव आमंत्रित किए। स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति का समर्थन करने और प्रत्येक रोगी की पहुंच के अन्दर उपचार विकल्पों को एक दृष्टि के साथ, लाने के लिए एमआरआई, एक्स–रे मशीनों, सिटी स्केनर, एमईजी, पीईटी, ईईजी, ईमेज गाइडेड थेरेपी और अन्य इमेजिंग उपकरण जैसे मौजूदा आयातित उपकरणों के स्पेयर पार्टस सहित अभिनव और किफायती चिकित्सा उपकरणों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

उद्यम पूंजी निधि (वीसीएफएस) में भागीदारी–

टीडीबी ने 11 वीसीएफएस में 285.00 करोड़ रु. का निवेश किया तथा इनमें से आठ वीसीएफ में निवेश पर आय का आना शुरु हो चुका है। टीडीबी ने प्रौद्योगिकीय रुप से नवोन्मेशी संभावना वाले उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी केन्द्रित वीसीएफ के साथ नेटवर्किंग करना जारी रखा। वीसी प्रबंधकों, कुल निधि और टीडीबी की भागीदारी का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	निधि का नाम	कुल निधि	टीडीबी की भागीदारी
1	यूटीआई–इंडिया यूनिट वेंचर स्कीम (आईटीवीयूएस)	103.00	25.00
2	बायोटेक्नोलॉजी वेंचर फंड	100.00	30.00
3	यूटीआई–एसेंट इंडिया फंड–II	300.00	75.00
4	वेंचर ईस्ट टिनेट फंड–II	60.00	15.00
5	एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड	250.00	15.00
6	एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ–II	150.00	15.00
7	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल इनर्जी	75.00	10.00
8	इंडिया अपर्चुनिटी फंड	1000.00	25.00
9	सीफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड	125.00	25.00
10	मल्टी सेक्टर सीड कैपिटल फंड	100.00	25.00
11	आईवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट–फंड 1	200.00	25.00
कुल		**2463.00**	**285.00**

टीडीबी ने यूटीआई –एसेंट इंडिया फंड से रु. 0.18 करोड़, सिडबी वेंचर फंड से रु. 1.35 करोड़, आईवीकैप वेंचर फंड से रु. 1.88 करोड़ तथा जीवीएफएल से रु. 14.99 करोड़ प्रतिदिन यूनिट के तौर पर प्राप्त किये।

इन्क्यूबेटर्स में नव–सृजित उद्योगों के लिए बीज सहायता योजना

इस योजना के अन्तर्गत, टीडीबी ने 35 टीबीआईएस और एसटीईपीएस (जिनमें 4 टीबीआई/एसटीईपीएस भी शामिल है जिन्हें दो बार वित्तीय सहायता दी गयी) को प्रत्येक को 1.00 करोड़ की सहायता के साथ कुल 35.00 करोड़ रु. की अनुदान सहायता दी गयी। इन इन्क्यूबेटर्स ने दूरसंचार, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, यांत्रिक, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, फार्मा, खाद्य, सौर, वस्त्र और जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए इन्क्यूबेटर्स को सहायता प्रदान की। योजना ने अच्छी प्रगति की है और विभिन्न क्षेत्रों में बहुत से उद्यमियों को उन्नयन और संबंधित कार्यों में मदद की। इसने इन्क्यूबेटर्स द्वारा इन्क्यूबेशन निधि का सृजन करने में भी सुविधा प्रदान की।

मार्च, 2016 में आयोजित बोर्ड की 53वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टीडीबी का इस योजना को बंद कर देना चाहिए क्योंकि डीएसटी का एनएसटीईडीबी एक बड़े पैमाने पर बीज सहायता योजना को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि, टीडीबी द्वारा पहले से वित्तपोषित टीबीआईएस/एसटीईपीएस अपने इन्क्यूबेशन कोष के माध्यम से नये इन्क्यूबेटर्स में निवेश जारी रख सकते हैं।

विदेशी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन

वित्त वर्ष 2017–18 में, टीडीबी ने एयरोनॉटिक्स, मोटर वाहन और जैव प्रौद्योगिकी के प्रस्तावों को आर्थिक सहायता देने के उद्धेश्य से टीडीबी–बीपीआईफ्रांस सहयोग के तहत ''प्रस्ताव के लिए कॉल'' का नवीनीकरण किया। इस कार्यक्रम के तहत, मेसर्स पैनासिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्राईवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव को वित्त पोषित किया गया था।

टाईफैक के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी ने 10 फरवरी, 2018 को अभिनव प्रौद्योगिकियों के लिए स्काउट करने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने और उन कंपनियों को वाणिज्यिक बनाने में निवेश करने के उद्धेश्य के साथ ''परिवर्तनीय प्रौद्योगिकीय नवाचार'' पर सहयोग के लिए प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

आईसीसीओ के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी ने 6 मार्च, 2018 को अभिनव कृषि प्रौद्योगिकियों के लिए स्काउट करने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने और उन कंपनियों में निवेश करने जो किसानों की आमदनी दोगुना करने की क्षमता प्रदर्शित करने के उद्धेश्य से ''परिवर्तनकारी कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान'' पर सहयोग के लिए इनोवेटिव चेंज कोलेब्रोटिव (आईसीसीओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ क्लाईमेट सॉल्वर पार्टनर के लिए समझौता ज्ञापन

क्लाईमेट सॉल्वर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेषी कम कार्बन तकनीक के विकास एवं व्यापक उपयोग को मबजूती देने वाली वैश्विक पहल का एक हिस्सा है। क्लाईमेट सॉल्वर का उद्देश्य उनकी क्षमता का प्रदर्शन करना, उनके पहुंच का विस्तार करना और नवाचार के समग्र मूल के साथ जलवायु परिवर्तन का तत्काल और व्यवहारिक समाधान है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य नवीन स्वच्छ प्रौद्योगिकीयों के उपयोग को बढ़ावा देना और इस प्रकार उत्सर्जन को कम करने और उर्जा के उपयोग की पहुंच को बढ़ाना है। टीडीबी 21 मई 2012 को क्लाईमेट सॉल्वर पार्टनर में शामिल हो गया। वर्ष 2016 में समझौते की वैधता 21 मई 2019 तक बढ़ा दी गई थी।

इंवेंट प्रोग्राम

इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलपमेंप (इंवेंट) कार्यक्रम को निम्न आय वर्ग के लिए सामाजिक और आर्थिक प्रभाव वाले तकनीकी और प्रक्रिया उन्मुख समावेशी नवाचार समाधान के लिए एक मंच बनाने के लिए तैयार किया गया।

वर्ष 2017–18 में (इंवेंट) कार्यक्रम में काफी प्रगति देखी गयी। कार्यक्रम के लिए स्थापित मील के पत्थर के मुकाबले, चार इन्क्यूबेटर (आईआईएम सीआईपी, आईआईटीके, केआईआईटी और स्टार्टअप ओएसिस) में काफी प्रगति हुई है। सभी 8 एलआईएस राज्यों से मार्च 2018 तक कुल 592 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से, 4 इनक्यूबेटर में आईआईसी के हिस्से के रूप में 215 आवेदनों की समीक्षा की गई हैं। 76 कंपनियों ने इनक्यूबेटर्स में इंवेंट कार्यक्रम के तहत निवेश के लिए ईआईसी को मंजूरी दे दी है। विभिन्न क्षेत्रों में, कृषि–व्यापार (और सहयोगी) उद्यमों के पास आजीविका और शिक्षा के बाद सबसे ज्यादा हिस्सा है। 53 कंपनियों को कार्यक्रम के तहत फंड प्राप्त हुआ है।

जैसा कि तय है कार्यक्रम के तहत 50 कंपनियों को जून 2019 तक वित्त पोषण पर आगे कार्रवाई करने की आवश्यकता है। 11 कंपनियां 13.6 करोड़ रुपये (संचयी रूप से) की वृद्धि के लिए वित्त पोषण बढ़ाने में सक्षम हैं। इनमें से लगभग 8 कंपनियों ने 65 लाख रुपये (प्रत्येक) से अधिक की धनराशि बढ़ाई हैं।

स्पीकर सीरीज सहित विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षा संस्थानों आदि में कई वार्षिक और मासिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किये गये थे। स्टार्ट अप ओएसिस ने दिसंबर 2017–फरवरी 2018 से पाइपलाइन क्यूरेशन के उद्धेश्य से इंवेंट कार्यक्रम के तहत एक दिलचस्प एक्सीलेरेटर कार्यक्रम आयोजित किया। इसके फलस्वरूप, स्टार्ट अप ओएसिस को लगभग 126 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए)

2011 में शुरूआत मे बाद से, जीआईटीए एक लंबा सफर तय कर चुका है और भारतीय और वैश्विक बाजारों में व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के लिए भारतीय और वैश्विक उद्योग और अकादमिक भागीदारों के साथ अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी विकास ओर प्रदर्शन में उद्योग निवेश को प्रोत्साहित करने में सफल रहा है।

जीआईटीए ने वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। 24 जून, 2017 को द्विपक्षीय उद्योग के नेतृत्व वाली आर एंड डी पहल के तहत जीआईटीए पोर्टफोलियों में लगें सातवें देश के रूप में भारत –इटली कार्यक्रम का शुभारंभ था। 15 जनवरी, 2018 को ''भारत–इजराइल बिजनेस समिट 2018'' भारत और इजराइल के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत–इजराइल औद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी नवाचार निधि (आई 4 एफ) की एक और उपलब्धि थी। साथ ही, प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीडीएफ) योजना के राउंड वन के तहत अनुमोदित परियोजनाओं को 18 जनवरी, 2018 को माननीय रक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया था।

मिलेनियम अलायंस (एमए)

मिलेनियम अलायंस (एमए) एक सामाजिक उद्यम है जो संयुक्त राज्य अमरीका और फिक्की के साथ निकट सहयोग में बनाया गया है ताकि प्रमुख वित्तीय क्षेत्रों में वैश्विक विकास चुनौतियों के लिए अभिनव समाधानों की पहचान, परीक्षक और स्केल करने के लिए भारतीय प्रतिभा और संसाधनों का लाभ उठाया जा सके। कार्यक्रम ने वर्ष 2017–18 में अपना राउड IV पूरा किया। इस दौर में, कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और जल एवं स्वच्छता क्षेत्रों में उनकी सामाजिक रूप से प्रासंगिक परियोजनाओं के लिए 24 नवप्रवर्तनकर्ता/एजेंसियों को समर्थन किया गया था। राउंड IV पुरस्कार समारोह 20 जुलाई 2017 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसके अलावा, कार्यक्रम ने वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान राउंड V के लिए अपनी चयन प्रकिया समाप्त की।

परियोजना प्रस्तावों को ऑनलाइन भेजना

वर्ष 2017–18 के दौरान, टीडीबी ने ''परियोजना प्रस्ताव प्रणाली (पीएमएस)'' के माध्यम से ''परियोजना प्रस्तावों को ऑनलाइन भेजने'' को सुविधाजनक बनाकर पारदर्शी और कुशल कार्य प्रकिया की दिशा में एक पहल शुरू की है @http://www.e-techcom.tdb.gov.in.

प्रदर्शनियां/सेमिनार

टीडीबी से उपलब्ध सहायता के बारे मे, उद्योग, उद्यमियों और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में जागरूकता पैदा करने के लिए, वर्ष 2017–18 के दौरान टीडीबी ने अन्य संगठनों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रदर्शनियों/चर्चा बैठकों इत्यादि में भाग लिया।

पूर्वावलोकन

पूर्वावलोकन

प्रस्तावना

भारत सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अंतर्गत सितम्बर, 1996 में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन किया गया। टीडीबी का दायित्व स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास एवं वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास करना अथवा व्यापक घरेलु अनुप्रयोग हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने वाली औद्योगिक इकाईयों तथा एजेंसियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

इस अधिनियम में टीडीबी द्वारा संचालित प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुप्रयोग के लिए फंड सृजन का प्रावधान है। इस फंड द्वारा सरकार से अनुसंधान एवं विकास उपकर अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 1995 के प्रावधानों के तहत औद्योगिक इकाइयों से एकत्रित उपकर में से भारत सरकार से अनुदान प्राप्त किया जाता है। फंड की राशि के निवेश से प्राप्त आय और फंड द्वारा दिए गए अनुदानों की वसूली को फंड में जमा कर दिया जाता है। वित्त अधिनियम, 1999 द्वारा आयकर संबंधी उद्देश्यों के लिए फंड को दिए गए अनुदानों में पूर्ण कटौती करने हेतु सक्षम बनाया गया। 2017–18 के सामान्य बजट में, केंद्र सरकार द्वारा अनुसंधान और विकास उपकर अधिनियम, 1986 को समाप्त कर दिया गया जो कि 1 अप्रैल 2017 से प्रभावी है।

वर्ष 1996–97 से 2016–17 की अवधि के दौरान आर एंड डी उपकर से सरकार द्वारा कुल 7974.32 करोड़ रु. एकत्र किए गए। टीडीबी को 22 वर्षों की अवधि में 779.47 करोड़ रु. (1996–97 से 2017–18) की संचित राशि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के गैर–योजना व्यय में से अनुदान सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गयी।

वित्तीय सहायता प्रदान करने के तरीके

टीडीबी को अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों सें वित्तीय सहायता हेतु आवेदन वर्ष भर प्राप्त होते रहते हैं। टीडीबी द्वारा वित्तीय सहायता ऋण या इक्विटी के रूप में तथा आपवादिक मामलों में अनुदान के रूप में उपलब्ध है।

ऋण सहायता अनुमोदित परियोजना लागत के 50 प्रतिशत तक दी जाती है और इस पर प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत साधारण ब्याज लिया जाता है। ऋण अवधि के दौरान टीडीबी की सहायता से उत्पादित उत्पाद की बिक्री पर रॉयल्टी भी देय है। टीडीबी आवेदक से कोई भी प्रशासनिक, संसाधन या प्रतिबद्धता शुल्क नहीं लेता है। ऋण राशि का भुगतान ऋण करार के तहत उद्धत नियम एवं शर्तो एवं मानकों के अनुपालन के आधार पर किश्तों में किया जाता है। कुछ मामलों में, सहायता प्राप्त औद्योगिक इकाई के निदेशक मंडल में टीडीबी द्वारा नामित निदेशक भी शामिल होते हैं। परियोजना की कार्यान्वयन अवधि सामान्य तौर पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होती। ऋण एवं ब्याज को कोलेटरल एवं गारंटी के माध्यम से सुरक्षित किया जाता है। सामान्यतया ऋण एवं ब्याज के पुनः भुगतान की शुरूआत परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के एक वर्ष बाद और ऋण स्थगन (मोराटोरियम) अवधि जो एक वर्ष से अधिक न हो के भीतर होती है। इसके बाद, ऋण राशि का भुगतान नौ छमाही किश्तों में किया जाता है। पहली किश्त के पुनर्भुगतान तक के संचित ब्याज को तीन वर्षों की अवधि के बाद वितरित किया जाता है।

टीडीबी किसी औद्योगिक कंपनी (कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन संचालित) में इसके आरंभ होने, चलाने और/अथवा प्रगति की अवस्थाओं में, टीडीबी द्वारा किये गये मूल्याकंन के आधार पर ऋण–इक्विटी अनुपात को ध्यान में रखते हुए इक्विटी पूंजी के रूप में अंशदान कर सकता है। इक्विटी अंशदान टीडीबी के पूरे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक होता है बशर्ते यह प्रोत्साहकों द्वारा चुकता पूंजी से अधिक न हो। औद्योगिक कंपनी को टीडीबी द्वारा अंशदान की धनराशि के समतुल्य अपने शेयर प्रमाण पत्र टीडीबी को जारी करने होंगे। अंशदान पूर्व स्थितियों में, यह शामिल होगा कि प्रोत्साहकों का अंशदान होना चाहिए और अपने हिस्से की शेयर पूंजी को पूर्ण रुप से चुकता किया जाना चाहिए। प्रोत्साहकों को टीडीबी के अंशदान के बराबर अपने शेयर टीडीबी को गिरवी रखना चाहिए। टीडीबी को ऐसी कंपनियों के निदेशक मंडल में नामित निदेशक (को) को रखने का अधिकार है। टीडीबी का यह विवेकाधिकार है कि वह (इक्विटी पूंजी) विनियमनों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार

परियोजना पूरी हो जाने के तीन वर्षों के पश्चात् अथवा अंशदान की तिथि से पांच वर्षों के पश्चात् कंपनी में अपनी शेयर धारकता को समाप्त कर सकती है। तथापि, शेयरों को वापस खरीदने का पहला विकल्प संस्थापकों के पास होगा।

टीडीबी उन औद्योगिक कंपनियों के विद्यमान ऋण अथवा इक्विटी के प्रतिस्थापन पर विचार नहीं करता जिन्होंने इस प्रकार का ऋण अन्य संस्थानों से लिया है।

टीडीबी स्वदेशी रुप से प्रौद्योगिकी को विकसित करने में शामिल औद्योगिक कंपनियों और आर एण्ड डी संस्थानों को अनुदानों और / अथवा ऋण के रुप में भी वित्तीय सहायता मुहैया कराता है। अनुदानों की स्वीकृति का निर्णय टीडीबी बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे विशेष मामलों में ही मुहैया किया जाता है।

31 मार्च, 2018 तक, टीडीबी द्वारा (1996 में इसके अस्तित्व में आने के बाद से) 8161.72 करोड़ रु. की कुल परियोजना लागत युक्त कुल 348 करारों पर हस्ताक्षर किये गये हैं जिसमें से टीडीबी की बचनवद्धता 2122.25 करोड़ रु. की है। टीडीबी ने 779.47 करोड रु. की सरकार द्वारा अनुदान सहायता एवं आंतरिक प्राप्तियों से 1651.34 करोड़ रु. का संवितरण किया है।

टीडीबी द्वारा 31 मार्च, 2018 तक दी गई वित्तीय सहायता के तरीकों को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

(करोड़ रु. में)

साधन	टीडीबी द्वारा स्वीकृत	टीडीबी द्वारा वितरित
ऋण	1653.53	1214.07
इक्विटी	33.06	34.66
अनुदान	150.66	150.38
वेन्चर फंड्स	285.00	252.23
कुल	**2122.25**	**1651.34**

करारों का क्षेत्रवार विस्तार

टीडीबी की वित्तीय सहायता ने अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को समाहित कर लिया है। निम्नलिखित तालिका में टीडीबी द्वारा 1996–97 में इसके गठन से 31 मार्च, 2018 तक क्षेत्रवार स्वीकृत की गई परियोजनाओं को दिखाया गया है:–

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	सेक्टर	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी की प्रतिबद्धता
1	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	93	1889.37	553.99
2	इंजीनियरिंग	68	684.90	249.48
3	सूचना प्रौद्योगिकी	42	374.07	146.01
4	रसायन	26	236.80	84.69
5	कृषि	24	201.08	62.50
6	दूरसंचार	12	99.88	37.85
7	सड़क परिवहन	10	527.04	81.20
8	ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोगिता	8	132.36	55.98
9	इलेक्ट्रोनिक्स	4	52.56	17.75
10	रक्षा एवं नागर विमानन	10	648.83	229.95

11	टेक्सटाइल	1	689.00	250.00
12	**अन्य**			
	क) वेन्चर फंड्स	11	2463.00	285.00
	ख) एसटीईपी – टीबीआईएस	35	35.00	35.00
	ग) सीआईआई	1	0.83	0.50
	घ) मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	ङ) ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी अलायंस	1	15.00	7.35
	च) इवेंट प्रोग्राम	1	-	-
	कुल	**348**	**8161.72**	**2122.25**

इसमें अन्य क्षेत्रों की तुलना में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग क्षेत्रों को महत्वपूर्ण हिस्सा मिला है। टीडीबी द्वारा दी गई सहायता विस्तृत रुप से नए वेन्चरों और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बाजार संचालित और प्रौद्योगिकी उन्मुखी है।

वर्ष 1996–2018 के दौरान करारों का राज्यवार वितरण

वर्ष 1996–2018 के दौरान हस्ताक्षर किए गए करारों (कम्पनी के रजिस्टर्ड कार्यालय के आधार पर) का राज्यवार वितरण निम्नलिखित है :

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य / केन्द्र शासित	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी की वचनबद्धता
1	असम	1	18.31	8.2
2	आन्ध्र प्रदेश / तेलंगाना	86	1677.97	541.34
3	कर्नाटक	43	962.01	338.37
4	महाराष्ट्र	45	1494.35	413.48
5	तमिलनाडु	36	309.24	95.78
6	दिल्ली	21	305.62	112.05
7	गुजरात	13	147.88	45.52
8	पश्चिम बंगाल	10	137.39	57.57
9	उत्तर प्रदेश	9	64.45	38.38
10	मध्य प्रदेश	7	155.92	42.20
11	हरियाणा	6	44.15	18.00
12	पंजाब	7	91.79	21.98
13	चंडीगढ़	4	43.75	16.5
14	केरल	5	21.63	8.15
15	हिमाचल प्रदेश	1	6.24	1.90
16	जम्मू एवं कश्मीर	1	5.65	2.38
17	मणिपुर	1	7.94	2.70
18	पांडीचेरी	1	5.83	1.90
19	राजस्थान	1	35.77	3.00

21	अन्य – सहित			
	वेन्चर फंड	11	2463.00	285.00
	एसटीईपी – टीबीआईएस	35	35.00	35.00
	सीआईआई	1	0.83	0.50
	मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी अलायंस	1	15.00	7.35
	इंवेंट प्रोग्राम	1		
	कुल योग	**348**	**8161.72**	**2122.25**

परियोजना प्रस्तावों की प्रक्रिया

टीडीबी से ऋण सहायता की अपेक्षा रखने वाली औद्योगिक इकाई को एक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करना होता है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित और अन्य विवरण मांग के आधार पर उपलब्ध 'परियोजना वित्तपोषण निर्देशिका' में उपलब्ध है। संबंधित उद्योग अथवा उद्यमी / प्रोत्साहक आवेदन का प्रपत्र टीडीबी की वेबसाईट www.tdb.gov.in से डाउनलोड कर सकता है एवं @http://e-techcom.tdb.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन भी कर सकता है। टीडीबी वर्ष भर आवेदन प्राप्त करता है।

आवेदनों की प्रारंभिक जांच

प्रारंभिक जांच समिति (आईएससी) वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों की उनकी पूर्णता, परियोजना का उद्देश्य एवं प्रौद्योगिकी की स्थिति आदि की दृष्टि से जांच करती है। इस तरह की जांच में आवेदक और तकनीकी प्रदाता द्वारा, एक विधिवत गठित तकनीकी–सह–वित्तीय आईएससी के सामने औपचारिक प्रस्तुतीकरण शामिल है। आकलन और स्पष्टता के लिए अतिरिक्त जानकारी / विवरण या दूसरी प्रस्तुति भी आवश्यक हो सकती है। यदि आवेदन टीडीबी की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो आईएससी आगे की प्रक्रिया के लिए इसकी सिफारिश नहीं करने के लिखित कारणों के साथ आवेदन को अस्वीकार कर सकती है।

परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी)

आईएससी की सिफारिशों के आधार पर आवेदनों को परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी) को भेजा जाता है। प्रत्येक परियोजना के लिए उसकी प्रकृति और उत्पादन को ध्यान में रखते हुए पीईसी का गठन किया जाता है और परियोजना के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए टीडीबी के बाहर से संबंधित क्षेत्रों (विज्ञान, तकनीकी एवं वित्तीय) के विशेषज्ञों को इस समिति में शामिल किया जाता है।

विशेषज्ञ (सेवारत अथवा सेवानिवृत्त) सरकारी विभागों, आर एंड डी संगठनों, शैक्षिक संस्थानों, उद्योग संघों, वित्तीय संस्थानों और व्यावसायिक बैंकों के हो सकते हैं। आवेदक को प्रौद्योगिकी प्रदानकर्त्ता सहित वैज्ञानिक, तकनीक, मार्केटिंग, वाणिज्यिक तथा वित्तीय प्रस्तुतीकरण की विस्तृत जानकारी देने एवं परियोजना एवं कम्पनी से जुड़े मुद्दों पर जानकारी देने का पूरा अवसर दिया जाता है।

मूल्यांकन मानदण्ड

आवेदनों को वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, वाणिज्यिक एवं वित्तीय प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। मूल्यांकन प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है :–

- प्रस्ताव के विषयों का अनूठा एवं नवोन्मेशी (इनोवेटिव) होना
- सुदृढ़ता, वैज्ञानिक गुणवत्ता और प्रौद्योगिकीय प्राथमिकता

व्यापक रूप से अनुप्रयोग की आशा और वाणिज्यीकरण से लाभप्रद संभावना

- प्रस्तावित प्रयास की पर्याप्तता
- प्रस्तावित कार्रवाई नेटवर्क में आर एंड डी संस्थान (नों) की क्षमता
- आंतरिक प्राप्ति सहित उद्यम की संगठनात्मक एवं वाणिज्यिक क्षमता
- प्रस्तावित लागत और वित्त पोषण के तरीके की औचित्यपूर्णता
- माप योग्य उद्देश्य, लक्ष्य और निर्धारित मानक
- उद्यमी का पिछला रिकॉर्ड

गोपनीयता एवं पारदर्शिता

टीडीबी यह मानता है कि गोपनीयता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव एक वाणिज्यिक प्रस्ताव है जिसमें एक नया उत्पादन अथवा प्रक्रिया शामिल है। अगर आवेदक द्वारा यह बताया जाता है कि परियोजना प्रस्ताव में उद्धृत कुछ जानकारी को गोपनीय रखा जाये, तो इसे परियोजना मूल्यांकन समिति के विशेषज्ञों को परिचालित नही किया जाता है। पीईसी द्वारा प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों का खुलासा न करने की आवेदकों की आशंकाओं की संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाता है।

आवेदकों के साथ पूर्ण रुप से विचार विमर्श करने के पश्चात् पीईसी के विशेषज्ञों द्वारा टिप्पणियों और सिफारिशों को अंतिम रुप दिया जाता है।

वित्तीय सहायता का अनुमोदन

पीईसी द्वारा अनुशंसित उन सभी परियोजनाओं को जिनमें या तो परियोजना लागत 30 करोड़ रु. से अधिक हो या टीडीबी से मांगी गई सहायता 10.00 करोड़ रु से अधिक हों, को टीडीबी के साथ सूचिगत एवं अनुमोदित परिसम्पत्ति प्रबंधक द्वारा ड्यू–डिलिजेंस से गुजरना होता है। पीईसी की अनुशंसा, ड्यू–डिलिजेंस रिपोर्ट (जहां लागू हो) के साथ बोर्ड के सामने अनुमोदन के लिए रखा जाता है।

पीईसी द्वारा अनुशंसित नही होने वाले परियोजना प्रस्तावों को आवेदक को सूचित करने के बाद बंद कर दिया जाता है।

उपरोक्त मूल्यांकन स्तरों को पूरा करने के बाद, 2.50 करोड़ रु. तक के परियोजना प्रस्तावों को अध्यक्ष, टीडीबी द्वारा अनुमोदित किया जाता है, 2.50 करोड़ रु. से 10.00 करोड़ रु. के बीच के परियोजना प्रस्तावों को बोर्ड की उप–समिति जिसे अध्यक्ष द्वारा बोर्ड से प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग द्वारा गठित किया जाता है, के द्वारा अनुमोदित किया जाता है और 10.00 करोड़ रु. से अधिक के परियोजना प्रस्तावों को पूर्ण बोर्ड के द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

निगरानी एवं समीक्षा

टीडीबी लाभभोगियों को अनुमोदित सहायता किस्तों में उपलब्ध कराता है जो कि जोखिम सम्बंधित लक्ष्यों पर आधारित होती है। दूसरी और अगली किश्तों को प्रत्येक अनुमोदित परियोजना के लिए गठित की गई परियोजना निगरानी समिति (पीएमसी) की सिफारिशों के आधार पर जारी किया जाता है। परियोजना निगरानी समिति मे भी वैज्ञानिक/तकनीकी एंव वित्तीय विशेषज्ञों को शामिल किया जाता है।

सक्रिय भूमिका

औद्योगिक इकाईयों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त आवेदनों का उत्तर देने के अलावा प्रौद्योगिकी विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए व्यापक समर्थन सुनिश्चित करने के लिए टीडीबी एक सक्रिय भूमिका निभाता है। टीडीबी ने दायित्व के निर्वहन के लिए उपरोक्त पहल के माध्यम से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और वाणिज्यीकरण को प्रोत्साहित किया है।

(क) वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) में भागीदारी

टीडीबी ने एसएमई/प्रारंभिक चरण के उपक्रमों के माध्यम से तकनीकी नवाचार के लिए व्यवहारिक उद्यमों को समर्थन करने के लिए तकनीकी केंद्रित वीसीएफ में भागीदारी की। चयनात्मक आधार पर उच्च–जोखिम और उच्च–वापसी वाले वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी को तकनीकी उन्मुख परियोजनाओं के भौगोलिक और तकनीकी विस्तार के लिए एक उत्कृष्ट उपकरण माना गया है।

बोर्ड ने मार्च, 2010 में अपनी 44वीं बैठक में उद्यम पूंजी निधि (वेंचर कैपिटल फंड) हेतु टीडीबी द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता पर विचार और समीक्षा करने तथा टीडीबी द्वारा वीसीएफ को सहायता प्रदान करने में अपनाई जाने वाली कार्य पद्धति पर सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया। बोर्ड ने 10 मई, 2010 में अपनी 45वीं बैठक के दौरान वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी हेतु व्यापक दिशा–निर्देश को भी अंतिम रुप प्रदान किया।

तब से, 31 मार्च, 2018, टीडीबी ने 11 वीसीएफएस में प्रतिष्ठित और अनुभवी प्रबंधकों नामतः एपीआईडीसी–बायोटेक्नोलॉजी फंड, यूटीआई–एसेंट इंडिया फंड, यूटीआई–इंडिया टेक्नोलोजी वेंचर यूनिट स्कीम, वेंचर ईस्ट टिनेट फन्ड–II, जीवीएफएल–एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड, आरवीसीएफ–एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ–II, सीआईआईई–इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी, सिडबी–इंडिया अपर्चुनिटी फंड, सीफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड, ब्लूम वेंचर का – मल्टीसेक्टर सीड कैपिटल फंड एवं आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड–1 में भागीदारी की। इन निधियों से नवोन्मेषी परियोजनाओं में निवेश को विस्तार देने के लक्ष्य के साथ आईटी/आईटीईएस, जैवप्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, दूरसंचार, नैनो–टेक्नोलॉजी, क्लीनटेक इनर्जी और एग्रीबिजनेस के क्षेत्र के अभिनव परियोजनाओं के लिए सह–निवेश को लक्षित किया गया है। टीडीबी की कुल प्रतिबद्धता 285.00 करोड़ रु. की है तथा इनमें से आठ वीसीएफ में निवेश पर आय शुरु हो चुका है।

टीडीबी की प्रेरणा एवं भागीदारी ने उद्यम पूंजीपतियों को टीडीबी के मिशन के लिए सहायता के लिए प्रेरित किया। टीडीबी की इस पहल ने प्राईवेट इक्विटी फंड को भारतीय अर्थव्यवस्था के चालक क्षेत्रों वाले तकनीकी आधारित परियोजनाओं को समर्थन देने का विश्वास दिलाया। वीसीएफएस में टीडीबी की आगे भागीदारी पर बोर्ड द्वारा विचार किया जा रहा है।

(ख) इन्क्यूबेटर्स में नवसृजित उद्योगों के लिए बीज सहायता योजना

वर्ष 2005 में, टीडीबी ने अभिनव तकनीकी उद्यमों के विचारों को विकसित करने और अंत में बाजार तक पहुंच बनाने के लिए, युवा उद्यमियों को प्रारंभिक चरण/स्टार्ट अप वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सीड सहायता योजना की शुरूआत की। प्रस्तावित सहायता का उपयोग प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यीकरण के एक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए किया गया। योजना की शुरूआत, डीएसटी के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड (एनएसटीईडीबी) द्वारा प्रशासित इन्क्यूबेटर/टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर (एसटीईपी/टीबीआई) के शुरूआतकर्ताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया किया गया था।

31 मार्च, 2018 तक टीडीबी ने 35 करोड़ रु. की अनुदान सहायता के साथ 35 (जिनमें दो बार वित्तीय सहायता प्राप्त 4 टीबीआई/एसटीईपी शामिल है) टीबीआईएस और एसटीईपीएस की सहायता की। इन इन्क्यूबेटर्स ने दूरसंचार, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, इंन्स्ट्रूमेंटेशन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, फार्मा, खाद्य, सौर, वस्त्र और जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए इन्क्यूबेटीज को सहायता प्रदान की। योजना ने अच्छी प्रगति की है और विभिन्न क्षेत्रों में बहुत से उद्यमियों को लाभान्वित किया है। इसने इन्क्यूबेटर्स द्वारा इन्क्यूबेशन निधि का सृजन करने में भी सुविधा प्रदान की।

मार्च, 2016 में आयोजित बोर्ड की 53वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टीडीबी को इस योजना को बंद कर देना चाहिए क्योंकि डीएसटी का एनएसटीईडीबी एक बड़े पैमाने पर बीज सहायता योजना को आगे बढ़ा रहा है। हालांकि, टीडीबी द्वारा पहले से वित्तपोषित टीबीआईएस/एसटीईपीएस अपने इन्क्यूबेशन कोष के माध्यम से इन्क्यूबेट्स में निवेश जारी रख सकते हैं।

(ग) विदेशी संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन–सेफीप्रा

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने बीपीआईफ्रांस, फ्रांस, पूर्व में ओसियो, फ्रांस, एवं प्रबंध भागीदार के रूप में सेफीप्रा के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का नवीनीकरण कर अपने तकनीकी सहयोग को जारी रखा। 2016 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया जो कि 5 साल की अवधि के लिए वैध है। करार के तहत फ्रांस और भारत की कम्पनियों के बीच सहयोग के द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी

एवं नवोन्मेश के क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यासो के आदान–प्रदान से संबंधित गतिविधियें और तकनीकी आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए समन्वित उपायों की स्थापना की जायेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एयरोनॉटिक्स, ऑटोमोटिव एवं बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में प्रस्तावों को निधि देना है।

(घ) प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) के साथ समझौता ज्ञापन

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड और प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन स्वायत्त निकाय ने 10 फरवरी, 2018 को अभिनव प्रौद्योगिकियों के लिए स्काउट करने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और ऐसी प्रौद्योगिकियों को व्यावसायीकरण करने वाली कंपनियों में निवेश के उद्देश्य से ''परिवर्तनकारी तकनीकी नवाचार'' पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सहयोग के दायरे एवं क्षेत्र में शामिल हैं:

- उभरती हुई (कोर थ्रस्ट) प्रौद्योगिकियों/तकनीकी क्षेत्रों में निवेश की प्रवृत्ति और उनको चलाने वाली ताकतों के स्काउटिंग
- उन प्रौद्योगिकियों की पहचान करना जिनमें सामाजिक और आर्थिक माहौल को बदलने की क्षमता है और जो देश के बढ़ते युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार पैदा कर सकती हैं।
- प्रौद्योगिकी के आसान अंगीकरण के लिए नीतिगत ढांचे का विकास, चिह्नित डोमेन के लिए देश में व्यावसायीकरण के लिए उन्नयन और विनिर्माण।

(ड) आईसीसीओ के साथ समझौता ज्ञापन

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड और आईसीसीओ (भारत में काम करने वाला एक विकास संगठन) ने 6 मार्च, 2018 को ''परिवर्तनकारी कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान'' पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें अभिनव कृषि प्रौद्योगिकियों को खोजने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायीकरण करने और उन कंपनियों में निवेश करने के उद्देश्य से जो कि किसानों की आमदनी को दोगुना करने की क्षमता प्रदर्शित करेंगे। सहयोग के दायरे एवं क्षेत्र में शामिल हैं:

- पूर्व फसल डोमेन, संबद्ध कृषि, फसल के बाद डोमेन में प्रासंगिक कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान की स्काउटिंग।
- प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक समाधानों की पहचान करना जो ग्रामीण आर्थिक माहौल को बदलने की क्षमता को बढ़ावा देता है और देश के ग्रामीण युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार पैदा करता है।
- वाणिज्यिक और वित्तीय व्यवहार्यता के लिए अपनी तकनीकी तैयारी और व्यावसायिक मॉडल का मूल्यांकन करके चिह्नित डोमेन में रूचि रखने वाले कृषि–तकनीक व्यवसायों की क्षमता का आकलन करना।

(च) डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ जलवायु समाधान/भागीदार (क्लाइमेट सॉल्वर) के लिए समझौता ज्ञापन

क्लाईमेट सॉल्वर प्लेटफार्म, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेषी कम कार्बन तकनीक के विकास एवं व्यापक उपयोग का मबजूती देने वाले वैश्विक पहल का एक हिस्सा है। यह प्लेटफॉर्म, उद्योग संघों, निवेशकों, सरकार, इन्क्यूबेशन केंद्रों, मीडिया और कम कार्बन टेक्नोलॉजी प्रवर्तकों के बीच एक इंटरफेस प्रदान करेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों द्वारा विकसित अभिनव स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग एवं चयन के बाद, क्लाईमेट सॉल्वर का उद्देश्य उनकी क्षमता का प्रदर्शन करना, उनके पहुंच का विस्तार करना और नवाचार के समग्र मूल के साथ जलवायु परिवर्तन का तत्काल और व्यवहारिक समाधान है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य नवीन स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देना और इस प्रकार उत्सर्जन को कम करना और उर्जा की पहुंच को बढ़ाना है।

ग्लोबल क्लीनटेक इनोवेशन इंडेक्स 2012 में भारत को दिये गये 12वीं रैंक के मद्देनजर, टीडीबी ने दिनांक 21 मई, 2012 को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया द्वारा शुरू किये गये क्लाईमेट सॉल्वर प्लेटफॉर्म में शामिल होने का फैसला किया।

क्लाईमेट सॉल्वर पहली बार डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्वीडन द्वारा 2008 में शुरू किया गया था और इसके तहत अब तक 28 नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों का पुरस्कृत किया जा चुका है।

भारत में, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी), के अलावा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इन्डस्ट्री (सीआईआई), न्यू वेंचर्स इंडिया, सेंटर फॉर इनोवेशन इन्क्यूबेशन एवं एन्ट्रप्रेन्योरशिप (आईआईएम अहमदाबाद), और स्काईक्वेस्ट टेक्नोलॉजिज कन्सल्टिंग प्राईवेट लिमिटेड भी इस प्रोग्राम में शामिल हैं। टीडीबी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत ने पारस्परिक रूप से करार की वैधता को 21.05.2019 तक बढ़ा दिया है।

(छ) सहयोग

इन्वेन्ट कार्यक्रम

टीडीबी ने अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), यूके के सहयोग से वर्ष 2015–16 में इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलपमेंप (इंवेंट) कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को निम्न आय वर्ग के लिए सामाजिक और आर्थिक प्रभाव वाले तकनीकी और प्रक्रिया उन्मुख समावेशी नवाचार समाधान के लिए एक मंच बनाने के लिए तैयार किया गया। सहायता में भारत के 8 कम आय वाले राज्यों (एलआईएस) (उ.प्र., म.प्र., बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल) में वित्तपोषण, गहन सलाह, ज्ञान और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, समर्थन सेवाओं और संबंधित नेटवर्किंग शामिल है परन्तु यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है।

उद्देश्य

- उपर्युक्त 8 एलआईएस में प्रभावी निवेश के लिए व्यवहार्य सामाजिक उद्यमों की एक कड़ी तैयार करना।
- 8 कम आय वाले राज्यों में सामाजिक उद्यमों को लाभ पहुंचाने के लिए 50 निवेशों को तैयार करना।
- 8 कम आय वाले राज्यों में 160 उद्यमियों को सहायता प्रदान करना।

प्रभाव

- 8 कम आय वाले राज्यों में उपयुक्त विविध वित्तपोषण के अवसरों के साथ सामाजिक उद्यमों को विकसित करने का एक पारिस्थितिक तंत्र बनेगा।
- सामाजिक बाधा को तोड़ने और अधिक लोगों को सामाजिक उद्यमिता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सहायता में वृद्धि।
- मजबूत पहचान के साथ स्थापित सामाजिक इन्क्यूबेटर।

वर्ष 2015–16 में टीडीबी एवं मेसर्स विलग्रो इनोवेशन्स फाउंडेशन (वीआईएफ) के बीच हस्ताक्षरित करार के तहत विलग्रो 8 कम आय वाले राज्यों में निवेश के लिए व्यावहार्य सामाजिक उद्यम (लाभ के लिए) पाइपलाईन बनाने के उद्देश्य से इन्क्यूबेशन सहायता प्रदान करने के लिए एक मुख्य इन्क्यूबेटर के तौर पर कार्य करेगा। विलग्रो वर्तमान मे एलआईएस में गरीबों को फायदा पहुंचाने वाले व्यवसायिक रूप से सफल शुरूआती चरण के अभिनव व्यवसायों के समर्थन के लिये चार इन्क्यूबेटर्स जैसे आईआईएम कोलकाता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी), केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर भुवनेश्वर (केआईआईटी–टीबीआई), सिडबी इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेन्टर, आईआईटी कानपुर (एसआईआईसी आईआईटीके) और स्टार्ट–अप ओसिस (सीआईआईई, आईआईएम अहमदाबाद और आरईईसीओ की एक शुरूआत) को सहायता प्रदान कर रहा है।

ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए)

2011 में सीआईआई और टीडीबी के दरम्यान क्रमशः 51:49 की सहभागिता से ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए) के नाम से कम्पनी अधिनियम–2013 की धारा–8 के तहत एक ''गैर लाभ'' सार्वजनिक उद्यम (पीपीपी) नामक एक संयुक्त उद्यम की स्थापना की गयी।

जीआईटीए, भारत सरकार और भारतीय उद्योग/आर एंड डी संस्थानों का एक अभिनव मंच है जिसे सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा नियोजित तकनीक के अंतराल के माध्यम से नवप्रवर्तनशील प्रौद्योगिकी समाधानों में दुनिया भर में उपलब्ध तकनीकों के मूल्यांकन और तकनीकी–रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी बनाने के लिए धन का प्रबंधन करने के लिए बनाया गया है। जीआईटीए

औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करता है और प्रौद्योगिकी विकास/अधिग्रहण/अनुकूलन/परिनियोजन के लिए धन प्रदान करने और औद्योगिक एवं संस्थागत साझेदारों को प्रभावी एवं सहयोगी औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए जोड़ता है।

जीआईटीए, द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते के तहत विभिन्न देशों के साथ औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम को कार्यान्वित करने में डीएसटी की सहायता करता है। इन देश–विशिष्ट कार्यक्रमों के तहत, भारत का एक उद्योग और किसी अन्य देश का एक उद्योग एक विपणन योग्य उत्पाद विकसित करने के लिए एक संयुक्त अनुसंधान एवं विकास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सुविधा के लिए, संबंधित देशों की सरकारें अपने उद्योग के लिए 50% परियोजना लागत तक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। जीआईटीए ने इस तरीके से, डीएसटी के भारत–इजराईल, भारत–कनाडा, भारत–स्पेन, भारत–यूके और भारत–कोरिया आदि कार्यक्रमों को लागू किया है। बीते वर्षों में, जीआईटीए विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे भारी उद्योग विभाग, एमएसएमई, डीआरडीओ आदि के साथ विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मिलेनियम अलायंस (एमए)

टीडीबी, संयुक्त राज्य अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2011 में मिलेनियम अलायंस (एमए) की शुरूआत की गई थी जो कि एक मंच के रूप में नवाचारों की पहचान, परीक्षण और पिरैमिड की निचली सतह (बीओपी) में सुधार लाता हैं। यह गठबंधन स्वास्थ्य विकास, बुनियादी शिक्षा, जल एवं स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा/कृषि और स्वच्छ ऊर्जा सहित महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वैश्विक विकास के लिए एक नवाचार साझेदारी के रूप में बना है तथा यह सुनिश्चित करता है कि नवाचार के लाभ बीओपी आबादी को प्रभावित करें। बाद में, अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), आईसीसीओ कोऑपरेशन, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ, वर्ल्ड बैंक ग्रुप और फेसबुक भी इसमें शामिल हुए। एमए एक ऐसा मंच है जो विभिन्न सामाजिक आविष्कारों, परोपकारी संगठनों, सामाजिक उद्यम पूंजीपतियों, ऐंजल निवेशकों, सेवा प्रदाताओं, और कॉरपोरेट फाउंडेशन को प्रोत्साहित और इनोवेटरों को वित्तीय और अन्य सहायता प्रदान कराता है।

25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का एक फंड 5 वर्ष की अवधि के लिए स्थापित किया गया था जिसमें टीडीबी ने 25 करोड़ रु. (5 करोड़ रु. प्रतिवर्ष) का योगदान किया था। कार्यक्रम के अन्तर्गत, अविष्कारों को बीज वित्तपोषण, अनुदान, इन्क्यूबेशन, नेटवर्किंग के अवसर, व्यवसाय सहायता, ज्ञान विनिमय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है जो कि इक्विटी, ऋण और अन्य पूंजी तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है।

अब तक 86 करोड़ रु. की वित्तीय सहायता के द्वारा 112 अभिनव परियोजनाओं को सीधे तौर पर सहायता प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से किसान आय में बढ़ोतरी के करीब 7 मिलियन लोगों को प्रभावित किया है जिससे उन्हें प्रांरभिक ग्रेड शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, अपने घरों के लिए ऊर्जा और किफायती डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है। परियोजना पुरस्कार विजेताओं द्वारा 36000 से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है। कार्यक्रम, एमए मंच से समर्थित उद्यम के माध्यम से लगभग 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने में सक्षम हुआ है। समर्थित उद्यम 899 मिलियन रु. के बाहरी धन जुटाने के साथ–साथ, व्यापक और टिकाऊ परियोजना कार्यान्वयन के लिए, 149 साझेदारी विकसित करने के लिए उत्प्रेरक निधि के रूप में दिए गए अनुदान का लाभ उठाने में सक्षम थे।

एमए द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को भारत के 21 राज्यों में लागू किया जा रहा है। फंड 11 देशों में हस्तक्षेपों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। एमए अपनी तरह का एकमात्र कार्यक्रम है जो अफ्रीका (केन्या, रवांडा, युगांडा, इथोयोपिया, बुर्किना फासो और मलावी) और दक्षिण एशिया (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं नेपाल) में 22 भारतीय कंपनियों को प्रतिरूपण और नवाचारों में सहायता प्रदान करता है। एमए ने सामाजिक उद्यमियों की नई पीढ़ी के लिए एक बड़ा संवेग प्रदान किया है जो किसी भी स्थिति में सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ, उन्नयन योग्य अभिनव मॉडल विकसित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने दुनिया भर में सामाजिक क्षेत्र में उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

(च) प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय पुरस्कार का वितरण

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रत्येक वर्ष 11 मई को पूरे भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। यह दिन जीवन में विज्ञान के महत्व को दर्शाता है और विद्यार्थियों को कैरियर विकल्प के तौर पर विज्ञान को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन, 11 मई, 1998 को पोखरण, राजस्थान में ऑपरेशन शक्ति (पोखरण–द्वितीय) के तहत किए गए पांच परमाणु परीक्षणों की सालगिरह का जश्न मनाने के लिए किया जाता है। पोखरण परमाणु परीक्षण के अलावा भारत ने इसी दिन पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 का परीक्षण बैंगलोर में किया और त्रिशूल मिशाइल की फायरिंग का सफल परीक्षण भी किया। इन सभी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन, भारतीय उद्योगजगत को राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के साथ मजबूत साझेदारी बनाने और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में प्रवेश पाने के लिए अकादमिक संस्थानों के साथ साझा नेटवर्क बनाने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार

